झाँसी : दिगारा के पास बनकर तैयार प्लेज पार्क का मुख्य द्वार एवं अन्दर से इस तरह दिखता है औद्योगिक क्षेत्र।

झाँसी में बना प्रदेश का पहला निजी औद्योगिक पार्क, छोटे उद्यमियों को मिलेंगे भूखण्ड

- दिगारा के पास 10.5 एकड़ में बसाया जा रहा औद्योगिक क्षेत्र
- 4 उद्यमियों ने करायी बुकिंग, इसी सप्ताह हो जाएगा भू आवण्टन

झाँसी : झाँसी को औद्योगिक नगरी के रूप में विकसित करने के प्रदेश सरकार के प्रयास रंग लाते दिख रहे हैं। यहाँ उत्तर प्रदेश का पहला निजी औद्योगिक पार्क (प्लेज पार्क) बनाया गया है। इसका नामकरण रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर किया गया है। जिला मुख्यालय से 11 किलोमीटर दूर एवं झाँसी-कानपुर हाइ-वे से 2 किलोमीटर अन्दर दिगारा रोड पर लगभग 10.52 एकड़ में फैले इस औद्योगिक क्षेत्र में 14 भूखण्ड बनाए गए हैं, जिन्हें छोटे उद्यमियों को आवण्टित किया जाएगा। प्लेज पार्क में सबसे छोटा भूखण्ड 1080.6 वर्गमीटर का है और सबसे बड़ा भूखण्ड 2839.9 वर्ग मीटर का। इसका विकास निजी हाथों में सौंपा जाएगा।

यह मिलेंगी सुविधाएं

प्रदेश के पहले इस प्लेज पार्क में 40 से लेकर 80 फीट तक चौड़ी सड़कें बनायी गयी हैं और जलापूर्ति के लिए 85 हजार लिटर भण्डारण की क्षमता वाला ओवरहैड टैंक बनाया गया है। साथ ही विद्युत आपूर्ति के लिए 250 केवीए का ट्रांसफॉर्मर और सुरक्षा के लिए चारों ओर 7 फीट ऊँची दीवार बनायी गयी है।

बबीना में बनेगा दूसरा प्लेज पार्क

दिगारा के बाद अब बबीना वॉटर ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट के पास दूसरा प्लेज पार्क बनाने की तैयारी चल रही है। यहाँ 33.44 एकड़ जमीन चिह्नित कर ली गयी है। किसानों से करार हो गया था, लेकिन बाद में किसानों ने दरें बढ़ा दीं, जिससे पेंच फँस गया। अब मामला सुलझा लिया गया है और अगले सप्ताह से रजिस्ट्री होने प्रारम्भ हो जाएंगी। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने उद्योग विभाग को जमीन अधिग्रहण के लिए 3 दिन में वाँछित प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

माना जा रहा है कि जो उद्यमी बीडा के तहत मिलने वाली जमीन की प्रतीक्षा नहीं कर सकते, उनके लिए यह औद्योगिक क्षेत्र उपयुक्त रहेगा।

इन्होंने कहा



'रानी लक्ष्मीबाई प्लेज पार्क में भूखण्ड के लिए फ्री होल्ड राइट नियम लागू किया गया है, जबकि वर्तमान में यूपीसीडा तथा अन्य प्राधिकरण इन्हे लीज पर देते हैं। भूखण्ड खरीदने वाले उद्यमी को स्टैम्प शुल्क में शत-प्रतिशत छूट की व्यवस्था है। अब तक 4 उद्यमियों ने बुकिंग करा ली है, जिसमें से 3 का बयाना हो गया है। जल्द ही दूसरा प्लेज पार्क आकार लेना प्रारम्भ कर देगा।'

▸▸ **मनीष चौधरी**
उपायुक्त उद्योग, झाँसी।